राजस्थान सरकार

कार्यालय, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

क्रमांक : DS/ACS/SJE/2025/ - 113 दिनांक: 12-11-2025

**समस्त जिला कलेक्टर,**
**राजस्थान।**

**विषय :** संविधान दिवस ( 26 नवम्बर, 2025) के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता के आयोजन बाबत्।

**संदर्भ :** भारत सरकार के पत्र क्रमांक 19022/16/2016–एससीडी–6 दिनांक 15 नवम्बर, 2016 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एंव संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि **डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, जयपुर** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की अवधारणाओं एवं संकल्पनाओं का प्रचार–प्रसार करने वाला राजस्थान सरकार के द्वारा स्थापित शोध केन्द्र है। प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी 26 नवम्बर, 2025 को संविधान दिवस के अवसर पर **"देश की आजादी के बाद डॉ. अम्बेडकर के सिद्धान्तों और विचारों का व्यावहारिक स्तर पर क्रियान्वयन" "The practical implementation of Dr. Ambedkar's principles and ideas after independence of the Country"** विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

**अतः इस संबंध में आपसे अपेक्षा है कि आप अपने जिले के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक को निबंध प्रतियोगिता के संबंध में विद्यार्थियों में प्रचार–प्रसार करने के लिए निर्देश प्रदान करने का श्रम करें,** जिससे उक्त आयोजन का सफलता पूर्वक संपादन किया जा सके। प्रतियोगिता हेतु पात्रता एंव नियम परिशिष्ट 1 पर संलग्न है।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार।**

12/11

**(अपर्णा अरोरा)**
**अतिरिक्त मुख्य सचिव**

Scanned with OKEN Scanner

# डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, जयपुर द्वारा आयोजित जिला एवं राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता, 2025

(विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त संस्थाओं में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

**1. पात्रता :–**

डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) मूण्डला, जयपुर के द्वारा जिला एवं राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें राजकीय एवं मान्यता प्राप्त प्रदेश के विश्वविद्यालय/महाविद्यालय एवं विद्यालय (कक्षा 9 से 12) के विद्यार्थी भाग लेने के पात्र है।

**2. निबन्ध की भाषा का माध्यम :–**

निबन्ध हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लिखे हुए स्वीकार्य होगें।

**3. पुरस्कार :–**

निबन्ध प्रतियोगिता के अन्तर्गत पुरस्कार राशि का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | प्रतियोगिता का स्तर | पुरस्कार राशि (रूपये में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय | जिला स्तर | 5100 | 3100 | 2100 |
| | | राज्य स्तर | 51000 | 31000 | 11000 |
| 2 | विद्यालय (कक्षा 9 से 12) | जिला स्तर | 2100 | 1100 | 500 |
| | | राज्य स्तर | 11000 | 5100 | 3100 |

**4. प्रतियोगिता के नियम एवं शर्तें :–**

प्रस्तावित जिला एवं राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए नियम एवं शर्ते निम्नानुसार है :–

(i) निबन्ध प्रतियोगता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

(ii) निबन्ध लेखन की शब्द सीमा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 2000 शब्द एवं विद्यालय स्तर पर 1000 शब्द होगी।

(iii) प्रतिभागी द्वारा लिखित निबन्ध सुस्पष्ट, हस्तलिखित फाउण्डेशन कार्यालय में सम्बन्धित संस्था के माध्यम से प्रेषित किये जाने पर ही स्वीकार्य होंगे।

(iv) निबन्ध प्रतियोगिता को आयोजित करवाने की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्था प्रधान की होगी जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थी अध्ययनरत् है।

(v) प्रतिभागी विद्यार्थी को उत्तर पुस्तिका सम्बन्धित संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई जायेगी। उत्तर पुस्तिका के कवर पेज का प्रारूप डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) की वेबसाइट www.ambedkarfoundationjaipur.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड़ कर उत्तर पुस्तिका के कवर पेज को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न कर उत्तर पुस्तिकाए निबंध प्रतियोगिता आयोजन के दिन अथवा अगले दो दिवस में फाउण्डेशन कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करे। उत्तर पुस्तिका के कवर पेज का नमूना संलग्न है।

Scanned with OKEN Scanner

5. **निबन्ध के अंक भार योजना एवं समयावधि :–**

निबन्ध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों एवं परीक्षकों के लिए अंक भार विभाजन एवं समयावधि सम्बन्धी नियम निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | मापदण्ड | अंक विभाजन | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | विषय वस्तु | 40 | विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 2 घंटे एवं विद्यालय स्तर पर 1 घंटा |
| 2 | विशलेषण एवं व्याख्या | 20 | |
| 3 | प्रस्तुतीकरण | 15 | |
| 4 | लेखन एवं कौशल | 15 | |
| 5 | उपसंहार एवं निष्कर्ष | 10 | |
| | कुल पुर्णांक | 100 | |

6. **राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता :–**

जिला स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी/विद्यार्थी ही राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र होगें। राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करने की जानकारी यथा समय पात्र प्रतिभागी/विद्यार्थी एवं सम्बधित संस्थान को फाउण्डेशन द्वारा प्रेषित कर दी जायेगी।

7. **परिणाम की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण :–**

परिणाम की घोषणा डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) की वेबसाइट www.ambedkarfoundationjaipur.in पर यथा समय अपलोड़ कर दी जायेगी।

8. सभी नोडल अधिकारी एवं मेन्टर निबन्ध प्रतियोगिता से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए निम्न अधिकारी एवं कर्मचारियों से सम्पर्क कर सकते है।

| क्र.सं. | नाम | पद | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुमन मीणा | सचिव, अम्बेडकर पीठ | 9413148120 |
| 2 | सुश्री संतरा मीणा | वरिष्ठ सहायक | 8209418596 |
| 3 | श्री अजय कुमार वर्मा | कनिष्ठ सहायक | 9549352889 |

Scanned with OKEN Scanner

थावरचन्द गेहलोत
THAAWARCHAND GEHLOT
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF
SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

अ.शा. पत्र सं. 19022/18/2016-एससीडी-6

कार्यालय: 202, सी विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली - 110115
Office : 202, 'C' Wing, Shastri Bhawan,
New Delhi-110115
Tel : 011-23381001, 23381390, Fax : 011-23381902
E-mail : min-sje@nic.in
दूरभाष: 011-23381001, 23381390, फैक्स: 011-23381902
ई-मेल: min-sje@nic.in

15 नवम्बर, 2016

आदरणीय मुख्यमंत्री जी,

आपको मालूम होगा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की 125वीं जयंती के एक अंग के रूप में दिनांक 26 नवम्बर, 2015 को पहली बार संविधान दिवस मनाया गया था । सरकार ने यह भी निर्णय लिया था कि संविधान दिवस प्रत्येक वर्ष मनाया जाएगा और 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में घोषित करने संबंधी अधिसूचना (प्रतिलिपि संलग्न) जारी की गई थी । अतः यह उचित होगा कि इस वर्ष भी यह दिवस उपयुक्त रूप से मनाया जाए ।

मैं अनुरोध करता हूं कि इस समारोह के अंग रूप में संविधान दिवस के अवसर पर अर्थात, दिनांक 26 नवम्बर, 2016 को इस समय विद्यमान संविधान की उद्देशिका को अपने राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों तथा शैक्षिक संस्थानों में ऊंची आवाज में पढ़ा जाए । यदि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में 26 नवम्बर, 2016 को अवकाश हो, तो इस उद्देशिका को एक दिन पूर्व, अर्थात् 25 नवम्बर, 2016 को पढ़ा जाए । संविधान दिवस समारोह में अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया जाए, जैसे मॉक पार्लियामेंट, निबंध/वाद-विवाद प्रतियोगिता और व्याख्यान आदि। मैं यह चाहूंगा कि राज्य स्तर पर उपयुक्त गतिविधियों का आयोजन किया जाए ताकि भारत के संविधान के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा की जा सके और बढ़ाई जा सके ।

सराहनीय होगा यदि आप, की जाने वाली गतिविधियों का उल्लेख करते हुए, समारोह मनाने के संबंध में एक पुष्टि-पत्र भेजने का कष्ट करें ।

सादर ।

आपका

(हस्ताक्षर) 15.11.16

(थावरचन्द गेहलोत)

सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के माननीय मुख्यमंत्री जी,

Scanned with OKEN Scanner

# राजस्थान सरकार
## डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेड़कर पीठ),
(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)
ग्राम–मूण्डला, पो.– रूपवास, तहसील–जमवारामगढ़, जिला– जयपुर– 302027

---

संलग्णक – 1

## उत्तरपुस्तिका का कवर पेज
### डॉ. भीमराव अम्बेडकर की स्मृति में संविधान दिवस के अवसर पर
### जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता

विषयः– "देश की आजादी के बाद डॉ. अम्बेडकर के सिद्धान्तों और विचारों का व्यावहारिक स्तर पर क्रियान्वयन" **"The practical implementation of Dr. Ambedkar's principles and ideas after independence of the Country."**

दिनांक – 26.11.2025 (विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के लिए समय– 2 घंटा एवं विद्यालय के लिए समय– 1 घंटा, पूर्णांक– 100 अंक)

| कार्यालय उपयोग हेतु | मूल्यांकन हेतु |
|---|---|
| | |

विद्यार्थी का नाम (IN CAPITAL LETTERS) – ..........................................................................

पिता का नाम (IN CAPITAL LETTERS) – ..........................................................................

पता – ..........................................................................

मोबाईल नम्बर – ..........................................................................

कक्षा – ..........................................................................

विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय का नाम – ..........................................................................

..........................................................................

विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय का जिला – ..........................................................................

| विद्यार्थी के हस्ताक्षर | वीक्षक के हस्ताक्षर |
|---|---|
| | |

Scanned with OKEN Scanner

# राजस्थान सरकार
## डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेड़कर पीठ),
(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)

ग्राम–मूण्डला, पो. रूपवास, तहसील–जमवारामगढ़, जिला– जयपुर– 302027


### उपस्थिति पत्रक (दिनांकः– 26.11.2025)

संलग्णक –2

| क्र. सं. | विद्यार्थी का नाम | पिता का नाम | कक्षा एवं वर्ग | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

वीक्षक के हस्ताक्षर

हस्ताक्षर प्राचार्य मय सील

Scanned with OKEN Scanner